**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांकः 15.08.2025** **समय : 18.30 पीएम**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्यासीवें स्वतंत्रता दिवस समारोह में लाल किले के प्राचीर से आत्मनिर्भर भारत के लिए कई कार्यक्रमों की घोषणा की– ऑपरेशन सिन्दूर की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि भारत परमाणु धमकियों को बर्दाश्त नहीं करेगा।**

- **मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने राज्य स्तरीय समारोह को सम्बोधित करते हुए वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने की अपील की।**

- **देश का जुलाई माह तक निर्यात बढ़कर 37 अरब 24 करोड़ डॉलर हुआ–पिछले वर्ष के मुकाबले सात दशमलव तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी।**

- **प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर बारिश के दौर में मामूली कमी–कल से कोटा, उदयपुर, अजमेर और जयपुर संभागों में कई स्थानों पर बारिश की गतिविधियां बढ़ने का पूर्वानुमान।**

................

राष्ट्र आज उन्यासीवां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में ऐतिहासिक लालकिले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर स्वतंत्रता दिवस समारोह का नेतृत्व किया। लालकिले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के जांबाज़ सैनिकों को नमन किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर देश के सशस्त्र बलों के साहस और शौर्य का सशक्त साक्ष्य है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने सशस्त्र बलों को रणनीति तैयार करने, लक्ष्य और समय तय करने की खुली छूट दी। देश के बहादुर सैनिकों ने दुश्मनों को मुहंतोड़ जवाब दिया और पाकिस्तान में सैकड़ों किलोमीटर अंदर जाकर आतंकवादियों के ठिकानों को ध्वस्त किया। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले को लेकर देश के हर नागरिक में आक्रोश था और ऑपरेशन सिंदूर उनके आक्रोश की ही अभिव्यक्ति थी। श्री मोदी ने कहा कि भारत ने अब फैसला कर लिया है कि लहू और पानी एक साथ नहीं बहेंगे। उन्होंने कहा कि भारत परमाणु हमले की धमकी अब बर्दाश्त नहीं करेगा।

................

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुश्मनों को करारा जवाब देने के लिए सशक्त हथियार प्रणाली – सुदर्शन चक्र मिशन शुरू करेगा।

................

प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत को विकसित भारत का आधार स्तंभ बताया। उन्होंने रक्षा, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, अंतरिक्ष और विनिर्माण क्षेत्रों में देश की प्रगति का उल्लेख किया। श्री मोदी ने जोर देकर कहा कि मेड इन

इंडिया हथियारों सहित स्वदेशी क्षमता से भारत निर्णायक और स्वतंत्र कार्रवाई करने में सक्षम हुआ। श्री मोदी ने एक लाख करोड़ रूपये से प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना शुरू करने की घोषणा की।

...............

प्रधानमंत्री ने घोषणा कि आगामी दीपावली तक नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधार शुरू किए जाएंगे। इनका उद्देश्य रोजमर्रा की वस्तुओं पर कर की दरें कम करना है। उन्होंने कहा कि इन सुधारों से सामान्य लोगों, किसानों, मध्य वर्ग को राहत मिलेगी और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी। श्री मोदी ने कहा कि भारत के बजट का बडा हिस्सा आज भी पेट्रोल, डीजल और गैस आयात पर खर्च हो रहा है। उन्होंने समुद्री संसाधनों के दोहन के लिए गहरे–जल में खोज के लिए राष्ट्रीय मिशन बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सोलर, हाईड्रोजन और परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में विस्तार किया जाएगा। श्री मोदी ने जोर देकर कहा कि भारत की स्वतंत्रता की सौवीं वर्षगांठ तक राष्ट्र का लक्ष्य परमाणु ऊर्जा क्षमता में दस गुना वृद्धि करना, ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भता बढाना और स्थायी विकास में मदद करना है।

अपने सम्बोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले एक सौ वर्षों से राष्ट्र सेवा के प्रति राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों की प्रतिबद्धता की सराहना की और कहा कि हजारों स्वयंसेवकों ने व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ देश के लिए अपना जीवन समर्पित किया। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी राजघाट गए और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

...............

प्रदेश में भी स्वाधीनता दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। जोधपुर के बरकतुल्लाह खां स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि समाज के सभी वर्गों के आत्मनिर्भर बनने से ही देश आत्मनिर्भर बनेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करने के लिए केन्द्र सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है।

उन्होंने राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि समाज के हर पात्र व्यक्ति को इनका लाभ पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने की भी अपील की।

...............

मुख्यमंत्री ने ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट का निरीक्षण किया। इससे पहले उन्होंने जोधपुर के सर्किट हाउस में झंडा फहराया और शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने जयपुर में राजभवन में झंडा रोहण किया। इस दौरान राज्यपाल ने राजभवन परिसर स्थित सरकारी विद्यालय के उच्च प्राप्तांक वाले विद्यार्थियों को उपहार स्वरूप पुस्तकें और मिठाई वितरित की। राज्यपाल ने **'एक पेड़ मां के नाम'** अभियान के तहत खेजड़ी का पौधा भी लगाया। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विधानसभा में ध्वजारोहण किया। वहीं जयपुर में चौगान स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में उपमुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा ने झण्डारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। प्रदेश भाजपा मुख्यालय पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड ने ध्वाजारोहण किया। वहीं प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने झण्डारोहण किया। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी प्रभारी मंत्रियों, संभागीय आयुक्तों और जिला कलेक्टरों ने राष्ट्र ध्वज फहराया। डीग जिला मुख्यालय पर गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। कोटपूतली–बहरोड़ जिले में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने झण्डारोहण किया।

इस अवसर पर उन्होंने वीरांगनाओं और उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया। पाली में जिला स्तरीय समारोह में गौपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने ध्वजारोहण किया। इससे पहले उन्होंने नये शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित किये। कोटा में आयोजित स्वाधीनता दिवस समारोह में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने ध्वजारोहण

कर मार्च पास्ट की सलामी ली। बाड़मेर के आदर्श स्टेडियम में आयोजित समारोह में उद्योग राज्यमंत्री के.के. विश्नोई ने तिरंगा फहराया। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने अजमेर के पुलिस लाइन मैदान में आयोजित समारोह में ध्वजारोहण किया। उदयपुर के गांधी ग्राउण्ड में आयोजित समारोह में जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने ध्वजारोहण कर सभी को राष्ट्रीय पर्व की शुभकामनाएं दी। राज्यभर में विभिन्न कार्यालयों, प्रतिष्ठानों और घरों में लोगों ने तिरंगा फहराया। इसके साथ ही स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस बीच, जयपुर स्थित राजभवन में एट होम कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में राज्यपाल, मुख्यमंत्री सहित कैबिनेट के अन्य मंत्री शामिल हुए। इसके अलावा, जनप्रतिनिधि, आला अधिकारी और समाज के विभिन्न वर्गों के प्रमुख लोग शामिल रहे।

..............

जुलाई में भारत का निर्यात बढ़कर 37 अरब 24 करोड़ डॉलर हो गया है। पिछले वर्ष के मुकाबले इसमें सात दशमलव तीन प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अस्थाई आंकड़ों के अनुसार वर्तमान वित्त वर्ष में अप्रैल से जुलाई के दौरान भारत का निर्यात बढ़कर एक सौ 49 अरब बीस करोड़ डॉलर रहा, जबकि देश का आयात भी बढ़कर दो सौ 44 अरब डॉलर से ऊपर रहा। निर्यात की जाने वाली वस्तुओं में इंजीनियरिंग सामान, रत्न और आभूषण, इलेक्ट्रिानिक्स, दवाईयां तथा रसायन प्रमुख हैं।

..............

प्रदेश के पूर्वी भागों में पिछले 24 घंटों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात हुई। इसके अलावा कहीं—कहीं भारी बारिश दर्ज की गई। वहीं पश्चिमी राजस्थान में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात हुई। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार सबसे ज्यादा 9 सेंटीमीटर पानी टोंक के निवाई में बरसा। मौसम विभाग ने राज्य के पूर्वी भागों में आज से और पश्चिमी इलाकों में कल से बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी की संभावना व्यक्त की है। कल कोटा, उदयपुर, भरतपुर, अजमेर और जयपुर संभागों में कई स्थानों पर बारिश होने का पूर्वानुमान है। वहीं जोधपुर और बीकानेर संभाग में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात होने के आसार हैं।

..............

भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव को लेकर प्रदेशभर के मन्दिरों में तैयारियां की जा रही हैं। जन्माष्टमी पर्व को लेकर जयपुर में यातायात की विशेष व्यवस्था की गई है। श्रीगोविन्द देव जी मन्दिर में विशेष सजावट की जा रही है। वहीं पाली के गीता भवन, गोपीनाथ, चारभुजा मंदिर सहित विभिन्न कृष्ण मंदिरों को आकर्षक फूलों, गुब्बारो और लाइटों से सजाया जा रहा है। सवाईमाधोपुर जिले में जन्माष्टमी पर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह नजर आ रहा है। करौली में जन्माष्टमी पर्व को लेकर तैयारियां जोरो पर हैं।

..............